नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ

NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 283/NCRES/19 Date : 30 .10.2019

श्रीमान महाप्रबन्धक (कार्मिक)
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषयः– श्री सुदेश कुमार पुत्र श्री मोहन सिंह पूर्व टेक्नी. टी.आर.डी. ललितपुर, झांसी को सीनियर क्लर्क ग्रेड पे– 2800 में अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति देने के सम्बन्ध में।

महोदय,

श्री सुदेश कुमार को अनुकम्पा नियुक्ति हेतु MSC/AG की योग्यता के आधार पर ग्रेजुएट स्तर परीक्षा में सम्मिलित किया गया जिसमें श्री सुरेश कुमार को दिनांक 20.05.2019 को सफल घोषित किया गया और मेडिकल परीक्षण में उन्हे B2 कैटेगिरी में सफल पाया गया।

अवगत कराना है कि B2 मेडिकल कैटेगिरी के परिणाम स्वरूप श्री सुदेश कुमार को गुड्स गार्ड, ए.एस.एम., रिजर्वेशन आदि कैटेगिरी में नौकरी नही प्रदान की जा सकती थी एवं मण्डलीय प्रशासन झांसी द्वारा पार्सल पोर्टर ग्रेड पे–1800 में नियुक्ति हेतु दिनांक 17.06.2019 को आदेशित किया गया।

यह भी अवगत कराना है कि दिनांक 19.09.2019 को महाप्रबन्धक महोदय के झांसी आगमन पर NCRES की डिवीजनल बाडी ने चर्चा कर महाप्रबन्धक महोदय को बताया था कि श्री सुदेश कुमार को ग्रेजुएट स्तर की परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद मेडिकल परीक्षण में मिनिस्ट्रीयल कैटेगिरी के लिये ही फिट पाया गया है, ऐसी स्थिति में अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति के लिये पुरुष अभ्यर्थियों को भी मौका दिया जाना चाहिये जिसपर महाप्रबन्धक महोदय ने सहमति व्यक्त किया था, **लेकिन झांसी मण्डल का कथन है कि प्रधान कार्यालय की सहमति मिलने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जायेगी।**

अतः NCRES का अनुरोध है कि श्री सुदेश कुमार की योग्यता MSC/AG को ध्यान में रखते हुये श्री सुरेश कुमार को सीनियर कर्ल्क (मिनिस्ट्रीयल संवर्ग) ग्रेड पे 2800 में नियुक्ति प्रदान करने हेतु झांसी मण्डल से फाइल मँगाकर को उचित आदेश जारी किया जाय ताकि श्री सुदेश कुमार को सीनियर क्लर्क ग्रेड पे– 2800 में नियुक्ति मिल सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री